सार-समाचार

## गुणवत्ता युक्त बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी रसायनों की उपलब्धता हेतु बैठक हुई

**नोहर,** (निसं)। यहां पर सहायक निदेशक कृषि (वि.) कार्यालय में मंगलवार को कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में खरीफ मौसम की फसल बुवाई के मध्यनजर गुणवत्ता युक्त कृषि आदानों यथा बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी रसायनों की उपलब्धता एवं सुचारू एवं सुनियोजित वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करनें हेतु बैठक का आयोजन किया गया। कृषि आदान विक्रेताओं को कृषकों को गुणवत्ता युक्त कृषि आदान यथा बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी रसायन उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया गया। कृषि आदान विक्रेताओं से संवाद करके खरीफ फसलों के प्रबंधन तथा विशेष रूप से कपास में गुलाबी सुंडी के प्रबंधन को लेकर चर्चा की गयी। इस परिचर्चा में सभी आदान विक्रेताओं को विभाग द्वारा बीटी कपास एंव अन्य फसलो की अनुमोदित किस्मो का ही विक्रय करने, किसानो को विक्रय किए गए आदानों के साथ किसी प्रकार टेंगिग नहीं करे एंव आदान का पक्का बिल जारी करते हुए विक्रय करें साथ ही उर्वरक के भंण्डारण एंव विक्रय से सम्बन्धित दस्तावेज पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कृषि आदान विक्रेता किसानो से सीधा जुड़ा हुआ है ऐसे में विक्रेता किसानों को सही सलाह दें, जैसे खेत का नियमित निरीक्षण करना, फेरोमोन ट्रेप का उपयोग करना, विभागीय सिफारिशानुसार कीटनाशी का उपयोग करना आदि पर बल देने की जरूरत है। सभी आदान विक्रेताओं को विभागीय निर्देशानुसार ही बीज, उर्वरक, कीटनाशी, फंगीसाइड्स, सूक्ष्म पोषक तत्व उपलब्ध करवाने के लिए कहा। इस संवाद कार्यक्रम में, सहायक निदेशक कृषि बलकरण सिंह, कृषि अधिकारी राकेश कुमार, कृषि अधिकारी नरेश कुमार, एवं नोहर क्षेत्र के कृषि आदान विक्रेता मौजूद रहें।

## आंधी से गौशाला में 25 लाख का नुकसान

**राजलदेसर** (निसं)। मंगलवार अर्धरात्रि के बाद आए भीषण आंधी-तूफान ने श्री राजलदेसर गोशाला में भारी तबाही मचा दी। तेज हवाओं के प्रचंड वेग के चलते चारा भंडार गृह पर लगा विशाल टीन शेड (लगभग 100 80 फीट, 24 फीट ऊंचाई) पूरी तरह उखडकर क्षतिग्रस्त हो गया। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा ने गौशाला की व्यवस्थाओं को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। टीन शेड के क्षितग्रस्त होने से उसके नीचे सुरक्षित रखा हजारों क्विंटल चारा अब खुले आसमान के नीचे आ गया है, जिससे उसके खराब होने का गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। मौसम के अनिश्चित मिजाज को देखते हुए कभी भी बारिश होने की संभावना बनी हुई है, जो इस संकट को और गहरा सकती है। गोशाला उपाध्यक्ष वीरेंद्र लाटा एवं मंत्री ललित दाधीच ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आपदा से लगभग 25 लाख रुपये का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने चिंता जताई कि यदि शीघ्र व्यवस्था नहीं की गई, तो गौमाता के लिए चारे का गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। गोशाला प्रबंधन ने क्षेत्र के भामाशाहों, समाजसेवियों एवं गौभक्तों से मार्मिक अपील करते हुए कहा है कि इस संकट की घड़ी में आगे आकर सहयोग प्रदान करें। क्षितग्रस्त टीन शेड की तत्काल मरम्मत एवं चारे को सुरक्षित रखने के लिए आर्थिक एवं सामग्री सहयोग की अत्यंत आवश्यकता है, ताकि गौसेवा का यह पुण्य कार्य निर्बाध रूप से चलता रहे। बुधवार शाम को गौशाला समिति ने कार्यकारणी की आपात बैठक भी बुलाई गयी।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**सादुलपुर** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर गाय को बचाने के चक्कर में सड़क हादसे में एक मोटर साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बुधवार शाम छ बजे दी जानकारी के अनुसार एसआई धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि लेखराम निवासी असलखेड़ी, थाना भालेरी ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसका भतीजा धर्मेंद्र पुत्र श्रवण कुमार, सिद्धमुख पुलिया की ओर से गुलपुरा पुलिया होते हुए हिसार की ओर जा रहा था।।इसी दौरान अचानक मोटरसाइकिल के सामने गाय आ जाने के कारण धर्मेंद्र ने उसे बचाने के लिए कट मारा, जिससे सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से उसकी मोटरसाइकिल की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में धर्मेंद्र के सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उसे तुरंत हिसार के अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे जयपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान 28 अप्रैल 2026 को शाम करीब 7-8 बजे के बीच डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजगढ़ थाना पुलिस ने मृतक युवक के शव का पोस्टमाटर्म करवाकर शव उसके परिजनों को सौप दिया। तथा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रक्तदान शिविर आयोजित

**नोहर,** (निसं)। दिवंगत राजेंद्र सैनी की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन यहां कस्वां हॉस्पिटल में बुधवार को किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान किया। इस मौके पर पर विधायक अमित चाचाण, सुंदरलाल सैनी, युवा सामाजिक कार्यकर्ता आनंद सैनी, मुकेश मिश्रा, डॉ. प्रेम कस्वां, मोनिका कस्वां, कुलदीप कस्वां, विक्रम सैनी, सुभाष सैनी, तेज कुमार सैनी, शंकर सैनी, जयदेव इंदौरिया, रमेश खटोतिया, अयूब, घनश्याम शास्त्री, संतोष कुमार, पंकज, कृष्ण सैनी, भीमराज, महेश बैनीवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। शिविर में नोहर ब्लड बैंक की टीम ने 102 यूनिट रक्त संग्रहण किया जबकि 205 लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श दिया गया। आयोजन समिति की और से रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रक्तदान को मानव कल्याण का सबसे बड़ा कार्य बताया।

## आज विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचेगा प्रचार रथ

**झुंझुनूं** (निसं)। जिले में चलाए जा रहे ग्राम रथ अभियान के माध्यम से जन-जन तक संदेश पहुँचाने का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में कल, 30 अप्रैल को जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के दर्जनों गाँवों में प्रचार रथ पहुँचेगा और ग्रामीणों को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार को झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के बासनानग, अजाड़ी कला व बिशनपुरा में, सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोटिया, धींगड़िया, जाखोद, बेरला में, मंडावा विधानसभा क्षेत्र के भारू, सीरियासर कला, दुराना व भीमसर में, उदयपुरवाटी विधानसभा क्षेत्र के छावसरी, भाटीवाड़, बासबिसना व केड में, खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र के दलौता, दूधवा नांगलिया, गौरीर व टीबा में, पिलानी विधानसभा क्षेत्र के लांबा गोठड़ा, अलीपुर, नारनोद मालीगांव, खुडाना में वहीं नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कसेरू, सोटवारा, डुमरा व कुमावास में ग्राम रथ अभियान के तहत प्रचार प्रसार किया जाएगा।

## भव्य कलश यात्रा का आयोजन कल

**झुंझुनूं** (निसं)। शहर में आयोजित होने जा रही रामकथा अमृत वर्षा के तहत शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा प्रख्यात संत ओमनाथ जी महाराज एवं कथावाचक श्री धर्मदास महाराज अयोध्या वाले के सानिध्य में निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर धर्मप्रेमियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ब्राह्मण समाज के युवा नेता ललित जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलश यात्रा का शुभारंभ प्रात: 8:15 बजे स्टेशन रोड स्थित बावलिया की बगीची शिव मंदिर से होगा। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए चूना चौक स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पुरोहित बगीची के सामने बने कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भाम्बू रहेंगे। यात्रा में नगर के बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी, महिलाएं एवं श्रद्धालु शामिल होंगे।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**नोहर,** (निसं)। स्थानीय गंगा नर्सिंग होम में दिवंगत श्रीमती गंगा देवी छींपा की 22 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर 30 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक स्वेच्छिक रक्तदान शिविर एव नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. संतलाल छींपा ने बताया कि शिविर में उनके अलावा डॉ. बीपी स्वामी नि:शुल्क परामर्श देंगे वहीं नोहर की मोनालिसा ब्लड बैंक की टीम रक्त संग्रहण करेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से चिकित्सा शिविर का लाभ लेने तथा रक्तदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की है।

## विनोद जांगिड़ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

**नोहर,** (निसं)। जिले के निवर्तमान लोकपाल विनोद जांगिड़ को जांगिड़ सुथार समाज की शिरोमणी संस्था अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जांगिड़ की यह नियुक्ति प्रदेशाध्यक्ष धर्मवीर जांगिड़ ने जारी की है। जांगिड की नियुक्ति पर जिले के समाज के पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों सहित गणमान्यों नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये जांगिड को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# रा.उ.मा. विद्यालय की नई बिल्डिंग निर्माण के लिए 449 लाख रूपये मंजूर



पिछले कई माह से बिना कक्षा कक्ष के चल रहे क्षेत्र के गांव धानोठी छोटी के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल की सम्पूर्ण तौर पर नवीन बिल्डिंग निर्माण को मंजूरी मिल गई है।

**सिद्धमुख/चूरू** (निसं)। पिछले कई माह से बिना कक्षा कक्ष के चल रहे क्षेत्र के गांव धानोठी छोटी के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल की सम्पूर्ण तौर पर नवीन बिल्डिंग निर्माण को मंजूरी मिल गई है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने स्कूल की बिल्डिंग निर्माण के लिए 4 करोड़ 49 लाख रूपये राशि की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मंगलवार देर शाम को जर्जर घोषित कर सम्पूर्ण रूप से जमींदोज़ की जा चुकी उक्त स्कूल बिल्डिंग के नव निर्माण के लिए उक्त राशि जारी की गई है। राशि स्वीकृति की सूचना सार्वजनिक होते ही ग्रामवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

गौरतलब है कि गत वर्ष जुलाई में झालावाड़ में स्कूल की जर्जर बिल्डिंग में भारी वर्षा से हुई दुखान्तिका के बाद शिक्षा विभाग ने गांव धानोठी छोटी के इस स्कूल की सम्पूर्ण बिल्डिंग को जमींदोज़ करवा दिया था। सम्पूर्ण बिल्डिंग को जमींदोज़ किए जाने से स्कूल में अध्ययनरत सैकडों छात्र खुले आसमान में बैठने को मजबूर थे, जिसके खिलाफ गांव के ही समाजसेवी एडवोकेट हरदीपसिंह सुंदरिया और उसकी टीम ने शिक्षा निदेशालय, शिक्षा सचिवालय, स्थानीय विधायक, शिक्षा मंत्रालय, वित्त मंत्रालय व मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर पर लगातार पत्र व्यवहार कर स्कूल की नई बिल्डिंग निर्माण के लिए मुहीम चलाई हुई थी। इसके साथ ही ग्रामीण महिपाल सुंदरिया ने छात्र हित में आरटीई नियमावली अनुसार नवीन बिल्डिंग निर्माण के लिए राजस्थान हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की हुई है। हाईकोर्ट ने मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए विभाग व सरकार से नवीन बिल्डिंग निर्माण प्रक्रिया के संबंध में जवाब तलब किया हुआ है।

मामले में जानकारी देते हुए एडवोकेट हरदीपसिंह ने बताया कि इस मामले में निर्माण स्वीकृति हेतु कल मंगलवार को शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा परिषद, समसा व शिक्षा संकुल के उच्च अधिकारियों की विशेष बैठक थी, जिसमें धानोठी छोटी के राजकीय स्कूल की नई बिल्डिंग निर्माण के लिए 449 लाख रूपये की राशि स्वीकृत कर प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है।

**पिछले छः माह से सुर्खियों में था यह मामला:-** जनवरी की कड़ाके की सर्दी के बीच खुले आसमान में पढ़ रहे इस स्कूल के छात्रों के मामले को स्थानीय मीडिया ने अपनी सुर्खियों में तो स्थानीय विधायक मनोज ने राजस्थान विधानसभा में जोरशोर के साथ उठाया था। मामला तूल पकड़ते देख स्थानीय प्रशासन ने वस्तुस्थिति रिपोर्ट विभाग को प्रेषित की थी।

## खिलाड़ियों ने पदक जीते

**खेतड़ी** (निसं)। सिंघाना के खिलाड़ियों ने कराटे लीग में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रींगस में आयोजित कराटे लीग प्रतियोगिता में सिंघाना की ऐरावत मार्शल आर्ट के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता मे 17 खिलाड़ियों ने भाग लिया और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अपने नाम किए। कोच अभिषेक राजोरा ने बताया कि प्रतियोगिता में हिमानी, यशमिता और कार्तिक दमदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं मुकुल रजोरा, पायल, नमन, भव्य, सुरभि, कंचन ने बेहतरीन मुकाबले खेलते हुए रजत पदक प्राप्त किया। इसके अलावा राघव, ख्याति, चारुल, निकिता, चंचल, सजल, मनन और स्वय ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतकर सिंघाना का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर संस्थान के कोच अभिषेक कुमार ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि अब गाँव के बच्चे भी शहर के बच्चों को केवल टक्कर ही नहीं दे रहे, बल्कि उनसे जीत छीनकर अपनी प्रतिभा साबित कर रहे हैं। कोच ने बताया कि सभी खिलाडियों ने अनुशासन और मेहनत के साथ प्रशिक्षण लेकर प्रतियोगिता में भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# नगर निकायों की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नगर निकायों की योजनाओं एवं विभिन्न फ्लैगशिप कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की नगर परिषद एवं नगरपालिकाओं में संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जिला कलेक्टर ने सभी नगर निकायों को प्रतिबंधित पॉलिथीन एवं एकल उपयोग प्लास्टिक के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर जब्ती कार्यवाही करने तथा नियमों की अवहेलना करने वालों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर शहरों के निर्माण के लिए प्लास्टिक मुक्त वातावरण आवश्यक है, इसलिए इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही शहरों में लगे अवैध होर्डिंग्स, बैनर एवं पोस्टरों को हटाने के निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों की सौंदर्यता बनाए रखना सभी निकायों की जिम्मेदारी है।

जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), पीएम 2.0 योजना तथा अन्य राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को शीघ्र लाभान्वित करने, लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने तथा प्रत्येक नगर निकाय में न्यूनतम 10-10 आवासों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए।

बैठक में पीएम 2.0 योजना के अंतर्गत घुमंतु एवं वंचित वर्ग के पात्र व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित कर अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निकाय स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएं तथा पात्र व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जाए।

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं रखरखाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरों में स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पुराने डंप कचरे के निस्तारण हेतु ठोस कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही की जाए। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण तथा वैज्ञानिक निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए।

पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने सभी नगर निकायों को स्ट्रीट वेंडर्स एवं रेहड़ी-पटरी व्यवसायियों को ऋण स्वीकृत कर अधिकाधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

# निजी शिक्षण संस्थानों द्वारा महंगी पाठ्यसामग्री बेचने के विरोध में अभिभावकों का गुस्सा फूटा

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर क्षेत्र में निजी शिक्षण संस्थानों द्वारा महंगी पाठ्य सामग्री बेचने के विरोध में अभिभावकों का गुस्सा बढ़ गया है।

बुधवार शाम 5 बजे दी जानकारी में स्थानीय लोगों और अभिभावकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर निजी स्कूलों की मनमानी रोकने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। भगत सिंह फोर्स द्वारा तहसीलदार रामसिंग सेनी को उपखंड अधिकारी के नाम अनूप पुनिया के नेतृत्व मे ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में कहा गया है कि नए शैक्षिणक सत्र की शुरुआत के साथ ही निजी स्कूल संचालक किसानों और मजदूर वर्ग के अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। अभिभावकों को स्कूलों द्वारा निर्धारित दुकानों से ही किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है, जिससे कमीशनखोरी को बढ़ावा मिल रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि कई निजी विद्यालय एनसीईआरटी पाठ्यक्रम की पुस्तकों पर अपने विज्ञापन छपवाकर उन्हें 10 से15गुना अधिक कीमत पर बेच रहे हैं। एक निजी स्कूल में कक्षा 5 की अंग्रेजी पुस्तक 395 रुपये में बेची जा रही थी, जबकि समान पाठ्यक्रम की सामान्य पुस्तक मात्र 65 रुपये में उपलब्ध है। ज्ञापन में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के उल्लंघन का भी उल्लेख किया गया। बच्चों पर अतिरिक्त पाठ्यक्रम का बोझ डाला जा रहा है, और एलकेजी तथा यूकेजी के छोटे बच्चों को भी उच्च कक्षाओं का पाठ्यक्रम पढ़ाया जा रहा है, जिससे उन पर मानसिक दबाव बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त, छोटे बच्चों के भारी स्कूल बैग को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। बताया गया कि 14-15 किलोग्राम वजन के बच्चों को 10-12 किलोग्राम तक का बैग उठाने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे उनके शारीरिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। प्रशासन से मांग की है कि निजी स्कूलों द्वारा फैलाई जा रही इस शिक्षा माफिया पर तुरंत रोक लगाई जाए, महंगी पाठ्य सामग्री जब्त की जाए और राज्य में एक समान पाठ्यक्रम लागू किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। अनुप पुनिया, मोहन लाल झाड़सर, सुखबीर भामाशी, राजेश भामासी, सत्यवीर, सुखवीर सहारण, समुद्र ददरेवा, एडवोकेट गायत्री पूनिया, सुरेश किलका, एडवोकेट शिव मंगल, सुभाष जोईया, राजकुमार फगेड़िया, धर्मवीर महला, मुकेश दुग्गल और कृष्ण सिंह फौजी सहित कई लोग थे।

## नीट यूजी परीक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश

**चूरू** (निसं)। कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी नई दिल्ली द्वारा रविवार 03 मई 2026 को दोपहर 02 बजे से सायं 05 बजे तक जिले में कुल 11 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली नीट यूजी 2026 परीक्षा को लेकर समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने जिले में एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, एसडीएम सुनील कुमार को नीट परीक्षा की निगरानी हेतु मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि चूरू के 11 परीक्षा केंद्रों पर कुल 3384 परीक्षार्थी आवंटित किये गए हैं। वर्जित सामग्री की सूची सभी परीक्षा केन्द्रों पर चस्पा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा से सम्बंधित किसी प्रकार की धांधली, व्यवधान या अन्य कोई संदिग्ध गतिविधि में कोई व्यक्ति लिप्त पाया गया, तो कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# विधायक चाचाण ने श्रीकृष्ण प्रणामी गौशाला में बने शैड का लोकार्पण किया

**नोहर,** (निसं)। मेघाना-खौपड़ा में श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला मैं विधायक कोटे से बने शैड का लोकार्पण बुधवार को विधायक अमित चाचाण ने किया। इस अवसर पर अनेक गांवों के ग्रामीण व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि विकास सहू ने की।

इस अवसर पर गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए विधायक अमित चाचाण ने कहा कि गाय की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि गौशाला में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भविष्य में भी उनका सहयोग जारी रहेगा। कार्यक्रम में गौशाला समिति के अध्यक्ष इन्द्र सिंह राठौड, उपाध्यक्ष चुनीराम, सचिव श्रवण फगोडिया, निहाल सिंह कडवासरा, देवीलाल शर्मा, ओमप्रकाश सरावग, जगदीश पारीक, सुखविंद्र सिंह सरदार, करनेल सिंह गोदारा, सुमेर सिंह, रामजीलाल भूकर, भूप सिंह खोपड़ा, ओमप्रकाश सहारण, राजेंद्र शर्मा, काशीगर गौस्वामी, रामचंद्र मील, मनीराम बिजारणिया, राजूसिंह राठौड, संतलाल मेघवाल, बिहारी पड़िहार, परमेश्वर पारीक, इन्द्राज खाती व दर्शन सरदार आदि उपस्थित रहे।



विधायक अमित चाचाण ने शैड का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति ने सामारोह को और अधिक भव्य बना दिया। गौशाला परिसर में चल रही दिव्या गो कथा व नरसी कथा मे कथावाचक पं. भीखाराम शास्त्री ने विभिन्न प्रसंग सुनाए। कार्यक्रम में गौशाला पदाधिकारी व ग्रामीणों द्वारा विधायक अमित चाचाण का अभिनंदन किया गया।

सार-समाचार

## बीजेपी प्रदेश प्रभारी के बयान पर विरोध जताया

**खेतड़ी** (निसं)। खेतड़ीनगर के आजाद मार्केट में बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से बीजेपी प्रदेश प्रभारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल का पूतला दहन कर विरोध जताया। पंचायत समिति प्रधान मनीषा गुर्जर ने बताया कि बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी नेता के बयान की कड़ी निंदा की और इसे राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ बताया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि इस तरह की भाषा लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचाती है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बीजेपी प्रदेश प्रभारी अपने बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही माफी नहीं मांगी गई, तो विरोध और तेज किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सचिन पायलट एक वरिष्ठ और सम्मानित नेता हैं, जिनके खिलाफ इस तरह की टिप्पणी अस्वीकार्य है। उन्होंने बताया कि यदि कभी बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल झुंझुनूं जिले में आएंगे तो उनका बड़े स्तर पर विरोध किया जाएगा। इस दौरान सी टाइप क्वार्टर से आजाद मार्केट तक पूतला यात्रा निकाली गई। इस मौके पर पूर्व उपप्रधान अमरसिंह गुर्जर, शमशेर चौधरी, धर्मवीर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अवैध हरि गीली लकड़ियों से भरी पिकअप जब्त



**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर राजगढ थाना पुलिस ने हरि लकड़ी तस्करी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अवैध हरि गीली खेजडी की लकड़ियों से भरी एक पिकअप गाडी को जब्त करने की कार्यवाही की है। बुधवार सुबह सवा 10 बजे मिली जानकारी के अनुसार एएसआई पारस कुमार मय पुलिस टीम के गस्त कर रहे थे, तभी जैसे ही गस्त करते हुए लसेडी टोल नाका के पास पहुंचे तो एक टोल नाके के पास एक लकड़ियों से भरी पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। जिसमें चालक को रोककर जांच की तो उसके पास लकडी परिवहन बाबत कोई परमीट या लाईसेंस नहीं मिला। जिस पर पुलिस टीम ने गाडी की तलाशी ली तो पीकअप जीप में हरि गीली खेजडी की लकडियां भरी हुई मिली। एएसआई पारस कुमार ने बताया कि जिसके बाद हरि गीली खेजडी की लकडियों से भरी पिकअप जीप को जब्त कर राजगढ थाने में खडा करवाया गया है तथा इस संबन्ध में वन विभाग को अग्रीम कार्यवाही हेतु सूचना दी गई है। एएसआई पारस कुमार ने बताया कि पेड कटाई के कारण पर्यावरण संतुलन बिगडने से मानव जीवन खतरे में पडता जा रहा है तथा पेडो की कटाई न करे, बल्कि पेड की कटाई की जानकारी मिले तो संबन्धित विभाग वन विभाग या पुलिस को सूचना दे ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके।

## मवेशी चोरी के आरोपियों को जेल भेजा

**खेतड़ी** (निसं)। मवेशी चोरी के आरोप में पीसी रिमांड पर चल रहे आरोपियों की निशान देही पर पुलिस ने चार मवेशी बरामद किए, पुलिस ने चारों आरोपियों को न्यायालय में पेस किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि एक अप्रेल 2026 को पाजी की ढाणी तन खरकड़ा निवासी भागीरथमल गुर्जर ने रिपोर्ट दी थी कि 29 मार्च की रात्री को अज्ञात चोरों ने उसके बाड़े से 17 बकरियां चोरी कर ले गए थे। इसी प्रकार की चोरी की वारदात जिले में कई स्थानों पर गठित होने के कारण एसपी कावेंद्रसिंह सागर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चार टीमों का गठन कर मवेशी खेरी का खुलासा जल्द करने के निर्देश दिए। गुढा में हुई मवेशी चोरी के दौरान सुराग लगा की आरोपी स्वीफट डिजायर गाडी से आते है और मवेशी चोरी कर ले जाते है। मुखबीर के जरीए सूचना मिली की संदिग्ध डिजायर गाड़ी कॉपर में घुम रही है। सूचना पर मानोता नदी से माहोन नूंह थाना रोजा का मेव हरियाणा निवासी शौकत (36) पुत्र नवाब मेव, रहणा तहसील नूंह हरियाणा निवासी मुनफेद (22) पुत्र हमींद मियां, मानोता कला निवासी मेमर (19) पुत्र बिरबल बंजारा व जगदीश (22) पुत्र पप्पू बंजारा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से सख्ती से पुछताछ गई। आरोपियों की निशानदेही पर मानोता कलां बंजारा बस्ती से चुराई गई चार मवेशियों को बरामद किया। आरोपियों ने चारों मवेशियों के मेहंदी का लेप लगा रखा था। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आरोपियों ने जिले में करीब 25 स्थानों से मवेशी चुरी करना कबुल किया। चारों आरोपियों के कब्जे से पूर्व में दो स्वीफट डिजायर गाड़ी, एक हथोड़ी, प्लांस, टॉर्च, रस्सी काटने के तीन चाकु बरामद कर लिए गए है। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेस किया जहा से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## जनगणना 2027 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण शुरू

**रतनगढ़** (निसं)। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का प्रशिक्षण मंगलवार को राजकीय लोहिया कन्या महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उपखंड अधिकारी मिथिलेश कुमार के संबोधन के साथ हुआ। इस दौरान विशेषज्ञ फील्ड ट्रेनर्स द्वारा जनगणना कार्य में नियुक्त प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। फील्ड ट्रेनर विक्रम सिंह, नरेंद्र सांकृत्य, विनोद सिसोदिया एवं नंदलाल स्वामी ने प्रशिक्षण सत्र में जनगणना के उद्देश्य, इसकी मुख्य विशेषताएं, विधिक प्रावधान, मकान सूचीकरण ऐप तथा नजरी नक्शा के उपयोग के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, भवन एवं परिवार गणना की प्रक्रिया को व्यवहारिक तरीके से समझाया।

# शराब ठेके पर फायरिंग मामले में दो शूटर गिरफ्तार

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ कस्बे के सांखू फाटक पर एक शराब ठेके पर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले दो अज्ञात बदमाशों को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। घटना के करीब सात महीने बाद पुलिस को यह बडी सफलता मिली है। थानां अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि ०9 अक्टूबर 2025 को शहर के सांखू तिराहे के पास स्थित शराब ठेके पर दो अज्ञात अपराधियों ने अवैध हथियार से फायरिंग कर धमकी दी और मौके से फरार हो गए थे।

बुधवार सुबह 11 बजे मिली जानकारी में इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शरू की थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए बीकानेर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस ओमप्रकाश के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रिछपाल सिंह (आरपीएस) एवं सहायक पुलिस अधीक्षक वृत अभिजीत सिंह पाटिल (आईपीएस) के सुपरविजन में विशेष टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने आरोपियों की तलाश में चूरू, झुंझुनूं, सीकर के साथ-साथ हरियाणा के लोहारू, बाढडा, दादरी, गुरुग्राम, उत्तर प्रदेश के भहजोई और दिल्ली-मेवात क्षेत्र में लगातार दबिश दी। साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, लेकिन शुरुआती प्रयासों में सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद पुलिस थाना के कांस्टेबल नवीन कुमार और सचिन कुमार को विशेष टीम बनाकर हरियाणा व दिल्ली भेजा गया। दोनों जवानों ने वेश बदलकर गुप्त रूप से मुखबिर तंत्र मजबूत किया और लगातार प्रयासों के बाद आरोपियों की पहचान कर उन्हें हरियाणा के चरखी दादरी जिले से गिरफ्तार कर लिया। सिहाग ने बताया कि मामले में फरार आरोपी अंकित उर्फ बिल्ला (22) पुत्र सुनील, तथा लक्ष्य उर्फ मोनू (20) पुत्र विकास, निवासीगण रानीला, थाना बोन्द कला, जिला चरखी दादरी (हरियाणा) को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार दोनों आरोपी फायरिंग की वारदात में शामिल थे और काफी समय से फरार चल रहे थे। सिहाग ने बताया कि अज्ञात शूटरों की पहचान और गिरफ्तारी में कांस्टेबल नवीन कुमार और कांस्टेबल सचिन कुमार की विशेष भूमिका रही।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य, उ. प. रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http:// www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाए बंद होने की तिथि व समय: 19.05.2026 को 15:00 बजे तक। 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 19.05.2026 को 15.00 बजे के बाद; निविदा सं: 30-EI-BKN-E-Tender-23-24R; कार्य का विवरण: Provision/ replacement of earth for protection against leakage current at various station/service building/Railway residential quarters over Bikaner Division. अनुमानित लागत (रू): 21067750/-; धरोहर राशि (रू): 421400/-; निविदा दस्तावेज लागत: NIL

618-PS/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

